शिक्षकों के पठनार्थ

(प्रस्तोता)
प्रशान्त अग्रवाल
सहायक अध्यापक
प्राथमिक विद्यालय डहिया
बरेली (उत्तर प्रदेश)

शिक्षकों के पठनार्थ : अनुक्रमणिका

1. उपयोगी शिक्षा सूत्र
2. अनजान लिपि का अहसास
3. पाठ पढ़ाने का क्रम
4. हिंदी पठन में क्रमवार चुनौतियाँ
5. A thought about first step
6. अंग्रेज़ी प्रार्थना आदि में विशेष ध्यातव्य बातें
7. एक वाक्य का असर
8. बात छोटी लेकिन उपेक्षणीय नहीं
9. पहले माहौल-रूपी कप सीधा करें
10. इंसान की कीमत 0 से बढ़कर
11. एक अनुभूति
12. उपाय एक : लाभ अनेक
13. 'भूल' 'सुधार' !
14. पढ़ाई से दूर हो रहे बच्चे के संबंध में कुछ उपाय
15. विषय-ज्ञान मालगाड़ी...
16. शिक्षा : हमारी दृष्टि और स्थिति कहाँ है?
17. प्रेरक शिक्षा-वाक्य
18. प्रतियोगिता की सार्थकता कैसे हो?
19. संस्कार-बीज
20. ज्ञान-शिक्षा विषयक एक दृष्टान्त
21. फ़िनलैंड की शिक्षा-पद्धति
22. श्री सोनम वांगचुक के अनमोल अनुभव
23. महत्त्वपूर्ण शिक्षा : बच्चों की सुरक्षा
24. दो बहु-उपयोगी जानकारियाँ
25. 2 महत्त्वपूर्ण शोध
26. 5 महत्त्वपूर्ण सूत्र
27. हिन्दी के अल्पज्ञात महत्त्वपूर्ण तथ्य
28. क्या आप जानते हैं?
29. Indirect Abbreviations
30. संख्या-आधारित मुहावरे/वाक्यांश
31. एक वर्ण का कमाल
32. अनुस्वार और पंचम वर्ण संबंधी नियम
33. हिंदी कहावतें = English Proverbs
34. 20 Positive Proverbs
35. स्थानीय इतिहास का संकलन हो
36. अहसासों का प्रेरणा-कुंज
37. झकझोरने वाली विचार-तरंगें
38. Useful Full-forms
39. आधारशिला : फाउंडेशन लर्निंग शिविर
40. शिक्षण-संग्रह : व्यक्तित्व विकास की कार्ययोजना
41. शिक्षण योजना : बच्चों का पूछताछ केन्द्र
42. शिक्षण योजना : हौसला

【उपयोगी शिक्षा सूत्र : भाग १】

* सर्वश्रेष्ठ शिक्षक कक्षा १ और २ में पढ़ाएं।

* U-shape में बैठाना सर्वोत्तम है।

* छोटे बच्चों को floor-mat पर बैठाएँ और बड़े बच्चों को desk-bench पर।

* विशेष ध्यान रखें कि बच्चे ध्यान से देखें, सिर्फ बोले नहीं, क्योंकि आँखों से 'सुनने' का विशेष महत्त्व है।

* बच्चों को अनुशासित रखने के लिए भले ही दण्ड दें लेकिन उन्हें इतना प्यार भी दें कि उस दंड को उनका हृदय स्वीकार कर ले, जैसे माँ से।

* बच्चों के पढ़ने-पढ़ाने के समूह बनायें, उनकी इच्छा से (peer-learning), और नियमित फीडबैक लेकर उत्साहवर्धन भी करते रहें।

* पारंपरिक पढ़ाई ठोस होती है, किन्तु थका देती है, खेल वाली पढ़ाई सरस होती है लेकिन time-consuming होती है, अतः दोनों का ही आवश्यकतानुसार संतुलित प्रयोग करें।

* अनुपस्थित बच्चों की लापरवाही की स्थिति में उनके पीठ पीछे उनके लिए सभी बच्चों के सामने कठोर शब्द बोलें ताकि अन्य बच्चे लापरवाह अनुपस्थिति में संकोच करें।

* ऐसे मुक़ाबले अवश्य कराएँ जिनमें कक्षा के सबसे कमजोर बच्चे को भी जीतने का अवसर मिले।

* पुस्तकालय और विशेषकर खेल सामग्री बच्चों को आकर्षित करने में बहुत सहायक है।

* बच्चों को इस प्रकार प्रेरित करें कि वे शिक्षक की अनुपस्थिति में भी स्वाध्याय में प्रवृत्त हों।

* पढ़ाई को गीतों में ढालकर सरस बनायें लेकिन रटन-प्रवृत्ति से बचाते हुए।

* पढ़ाई का सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण कारक है बच्चों को पढ़ने को प्रेरित करते रहना; उनसे बातें करें, उन्हें मिसालें दें, प्रेरक videos/photos दिखायें।

* हमारा सौभाग्य है कि दान के सर्वोत्तम सुपात्रों के मध्य हमें काम करने का मौका मिला है, ऐसे सुपात्र जो २-२ रुपये की चीज़ से खुश होकर ईश्वरीय मुस्कराहट बिखेर देते हैं, ऐसी मज़ेदार पूजा के स्वर्णिम अवसर को जमकर भुनाएँ।

(विचारक : प्रशान्त अग्रवाल, बरेली)

मिशन शिक्षण संवाद

अनजान लिपि का अहसास

(Net पर इस चित्र को देखकर हुआ अहसास)

इस लिपि से अनजान हम सभी बेसिक शिक्षकों को यह चित्र सदा स्मरण रखना चाहिए जो अनुभव कराता है कि अनजान अक्षरों को सीखना कितनी श्रमसाध्य और समयसाध्य प्रक्रिया है और नन्हें बच्चों के मनोमस्तिष्क को कैसा प्रतीत होता होगा।

(विचारक: प्रशान्त अग्रवाल, प्रा.वि. डहिया, बरेली)

मिशन शिक्षण संवाद

पाठ पढ़ाने का क्रम

पढ़ाये जाने वाले पाठ के सन्दर्भ में मैं निम्नांकित स्तरों पर कार्य करने का प्रयास करता हूँ :

1. **पढ़ाने से पहले शिक्षक द्वारा पाठ को स्वयं खूब अच्छी तरह हृदयंगम कर लेना (एक नज़र वाले चार्ट की सहायता से)**

2. **बच्चों को बातचीत करते, कहानी सुनाते, अनुभव बताते-सुनते, पाठ सम्बन्धी चित्र-वीडियो दिखाकर पूरे पाठ को पढ़ाना (किताब की भूमिका नगण्य)**

3. **सुने हुए के आधार पर छोटी सी प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता (कौन सबसे एकाग्र श्रोता)**

4. **श्यामपट्ट पर संक्षेप में समस्त तथ्यात्मक सामग्री को वस्तुनिष्ठ स्वरुप में 'एक नज़र में' (लम्बी-चौड़ी भाषा नहीं)**

5. **बच्चों द्वारा उसका लेखन**

6. **समय-समय पर उसका मौखिक परीक्षण (प्रतियोगिता स्वरुप में)**

(निश्चित रूप से अनेक सुधार अपेक्षित होंगे, अतः विचार आमंत्रित हैं)

【साथ ही यह भी इच्छा है कि प्रत्येक पाठ के श्यामपट्ट कार्य (बिंदु 4) के यदि pdfs बन जाएँ तो शिक्षकों-छात्रों को लाभ हो सकता है।】

(विचारक : प्रशान्त अग्रवाल, प्रा. वि. डहिया, बरेली, उत्तर प्रदेश)

हिंदी पठन में क्रमवार चुनौतियाँ

1. वर्ण की पहचान।

2. मात्रा की पहचान।

3. वर्ण और मात्रा मिलाकर पढ़ना।

(चुनौती : 'की' पढ़ने में बच्चे ने 'क' पहचाना, 'ई की मात्रा' पहचानी लेकिन 'की' नहीं बोल सका)

4. पूरा शब्द पढ़ना।

(चुनौती : बच्चे ने 'राजू' में 'रा' पढ़ लिया, 'जू' भी पढ़ लिया, लेकिन 'जू' पढ़ते-पढ़ते, स्वयं पढ़े हुए 'रा' की स्मृति चली गयी)

5. सभी शब्द धारण करके वाक्यार्थ समझना।

(चुनौती : सब शब्द पढ़े, लेकिन अंतिम शब्द तक पहुँचते-पहुँचते पहले पढ़े हुए शब्दों को धारण नहीं रख सका)

【 क्रमांक 3-5 का एकमात्र समाधान : अभ्यास 】

(अनुभवकर्ता : प्रशान्त अग्रवाल, बरेली)

A thought about first step

The first and main thing is to establish teacher-student repo. And to establish it, teacher should introduce English language as 'शीतल हवा का झोंका' in the form of :

1. Singing rhyme (without giving emphasis on meaning)...

2. Simple commands (with ease on face)

3. PRE (print rich environment) with attractive pictures.

4. Rectifying the error of students with gentle-calm gesture.

And once we get success to boost the confidence and morale of students, the remaining task will take its own course very easily because crossing the hurdle of 'hesitation' is the topmost achievement in language learning.

(Thinker : Prashant Agarwal, P.S. Dahiya, Bareilly, U.P.)

अंग्रेज़ी प्रार्थना आदि में विशेष ध्यातव्य बातें

अक्सर ऐसी सामग्री जो अल्पपरिचित भाषा (जैसे अंग्रेज़ी) में होती है या जिसमें क्लिष्ट शब्दों की बहुतायत होती है (या अन्य प्रकार की सामग्री भी), जब बच्चों के बीच उसका सामूहिक वाचन/गायन कराया जाता है तो प्रायः कुछ त्रुटियाँ दृष्टिगोचर होती हैं जिन पर ध्यान देना बहुत ज़रूरी है :-

1. प्रार्थना की महत्ता, उसके लाभ, एकाग्रचित्त से न करने पर होने वाली हानियों आदि से बच्चों को परिचित न कराना।
2. वाचन से पूर्व बच्चों को उसका भावार्थ न समझाया जाना।
3. कुछ ही मुखर बच्चों की बुलंद आवाज़ के कारण अन्य बच्चों का उदासीन बन जाना या अपने प्रयासों में न्यूनता ले आना।
4. प्रतिज्ञा आदि सामग्री का ज़रूरत से अधिक तीव्र वाचन
5. बच्चों में मंद स्वर और तीव्र स्वर के बीच 'मर्यादित स्वर' की अवधारणा स्पष्ट न होना।
6. आंखें बंद करने पर वहाँ भी जोर देना, जहाँ अभी बच्चे को आँखें खुली रखकर भावानुरूप इशारों सहित गायन कराना अधिक रुचिकर, आवश्यक और प्रभावी हो सकता है।
7. सरस लयात्मक माधुर्य पर ज़रूरत से कम ध्यान देना।
8. पंक्ति के अंतिम शब्दों का उपेक्षापूर्ण गायन/वाचन।
9. प्रार्थना पंक्ति-दर-पंक्ति कराये जाने की स्थिति में समूह द्वारा उच्चरित अंतिम शब्द की प्रतिध्वनि (echo) समाप्त होने से पूर्व ही नयी पंक्ति का आरंभ कर देना जिससे नयी पंक्ति का प्रथम शब्द अस्पष्ट ही रह जाता है।
10. आरम्भिक अंतराल, शब्द-मध्य, वाक्य-मध्य अंतरालों का कम होना।
    (किसी विद्वान ने कहा भी है कि 'कविता शब्दों में नहीं, उसके मध्य के अंतरालों में है', आखिर बोले गये शब्दों को समझने के अलावा महसूस करने का समय भी तो दीजिये, भले ही वह सेकंड से भी कम हो। तूफान नहीं बयार हो)
11. क्रमशः मंद-स्वर में समाप्ति तक लाने की बजाय एकाएक समाप्ति।
12. प्रार्थना समाप्त होते ही एकाएक आँखें खोलना (जबकि तन्मयता की स्थिति में समाप्ति के कुछ देर बाद तक उसका प्रभाव महसूस करना सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण तत्त्व होता है)
13. अन्य बिंदु जो सुधी साथियों की दृष्टि में आयें।

प्रार्थना का प्रभाव प्रत्यक्ष नहीं दिखता किन्तु जिस प्रकार स्थूल की अपेक्षा सूक्ष्म अधिक प्रभावी होता है, ठीक उसी प्रकार बाल-कोमल-चित्त पर प्रार्थना का सूक्ष्म प्रभाव भी दूरगामी स्थायी महत्त्व का होता है। यदि उसे सही से प्रार्थना करना आ गयी तो समझिए हमने उसके सम्पूर्ण जीवन को साधने के लिए एक अनमोल निधि प्रदान कर दी । (विचारक : प्रशान्त अग्रवाल, प्राथमिक विद्यालय डहिया, बरेली, उ.प्र.)

(एक वाक्य का असर)

विश्व की bestsellers पुस्तकों में से एक है 'तोत्तोचान', जिसमें जापान में १९४५ ईस्वी के आसपास मिस्टर कोबायाशी द्वारा संचालित विचित्र विद्यालय की रोमांचक और मार्मिक दास्तान है।

मिशन शिक्षण संवाद

उस पूरी पुस्तक का सार मुझे वह कथन लगता है जो मिस्टर कोबायाशी एक छोटी सी बच्ची में आत्मविश्वास फूँकने के लिए बार-बार उससे कहते हैं, "तोत्तोचान, तुम सच में एक अच्छी बच्ची हो।"

और बड़ी होकर वह बच्ची (किताब की लेखिका) भी मानती है कि इस एक वाक्य ने उसके जीवन की दिशा बदल दी।

बात छोटी लेकिन उपेक्षणीय नहीं

कहीं एक बड़ी मनोवैज्ञानिक लघुकथा पढ़ी थी, जो प्रत्येक अभिभावक, प्रत्येक शिक्षक को न केवल पढ़नी चाहिए बल्कि रोजमर्रा की घटनाओं में अमल की दृष्टि से उस पर चिंतन भी करना चाहिए।

एक महिला ने अपने पति और छोटे बच्चे को भोजन परोसा और भोजन के उपरान्त दोनों को एक-एक लड्डू दिया; पति को पूरा लड्डू और बेटे को आधा लड्डू। बच्चा मचल गया और जिद करने लगा कि मुझे भी पूरा लड्डू दो। माँ ने बहुत समझाया कि देखो, पिताजी बड़े हैं इसलिये उनका लड्डू पूरा है और तुम छोटे हो इसलिये तुम्हारा लड्डू आधा है। लेकिन बच्चा नहीं माना और रोने लगा।

तब माँ ने कुछ सोचा। वह बच्चे का आधा लड्डू लेकर रसोईघर में गयी और उसी आधे लड्डू को हाथ से पूरा गोल बना दिया। बाहर आकर उसने जब वह लड्डू बच्चे को दिया तो बच्चे ने बड़ी ख़ुशी से वह छोटा लेकिन पूरा लड्डू खा लिया।

बात यह, कि "पिताजी पूरे, मैं आधा", यह बात बच्चे को हजम नहीं हुई। हाँ, "पिताजी बड़े और मैं छोटा" यह बात बच्चे को न्यायपरक लगी। बच्चा छोटा है लेकिन अपने आप में पूरा है और यह भाव वह अनुभव भी करता है, बस अनेक बार वह अपनी भावनाओं को शब्द नहीं दे पाता। लेकिन होशियार माँ (वर्तमान सन्दर्भ में शिक्षक) उसकी अनकही बात को समझ जाती है।

उसकी छोटी-छोटी समस्याएँ (चाहे वह पेंसिल चुरने की हो, या रबड़ खोने की) हमारे लिये छोटी भले ही हों लेकिन आधी-उपेक्षणीय कतई नहीं क्योंकि उसके लिये वह समस्या उतनी ही बड़ी-पूरी है जैसे कि हमारे लिए हजारों की चोरी।

और सबसे बड़ी बात, बच्चों की छोटी समस्याओं की उपेक्षा करने से एक माँ (विद्यालय में शिक्षक) उसका बेहद कीमती भरोसा भी खो सकती है। और बच्चे की समस्या को गंभीरता से लेकर हम उसका कीमती भरोसा अर्जित भी कर सकते हैं।

(विचार/प्रस्तुति: प्रशान्त अग्रवाल, प्राथमिक विद्यालय डहिया, बरेली, उत्तर प्रदेश)

पहले माहौल-रूपी कप सीधा करें

(BRC फतेहगंज पश्चिमी, बरेली में हुए Learning Outcomes प्रशिक्षण के दौरान श्री अमर द्विवेदी जी द्वारा दिया गया एक बेहद प्रभावी दृष्टांत)

"यदि कोई कप उल्टा रखा है तो क्या आप उसमें पानी भर सकते हैं?"

नहीं, पानी भरने के लिए पहले कप को सीधा करना होगा।

ठीक इसी प्रकार यदि बच्चों की मनःस्थिति रूपी कप उल्टा रखा है, तो आप ज्ञान की बरसात करके चले आएंगे लेकिन कप के अंदर कुछ नहीं जायेगा।

अतः पढ़ाने से पहले वह माहौल बनायें जिसमें बच्चे आपके ज्ञान को ग्रहण कर सकें।

(प्रस्तोता: प्रशान्त अग्रवाल, प्रा. वि. डहिया, बरेली, उ.प्र.)

【 इंसान की कीमत 0 से बढ़कर 】

(रूस में पढ़ रहा एक विद्यार्थी लिखता है)

रूस में ज़्यादातर परीक्षाओं में अधिकतम अंक 5 होते हैं। यदि कोई विद्यार्थी बिना किसी प्रश्न का उत्तर दिये कोरी उत्तरपुस्तिका जमा कर दे, तो उसे 5 में से 2 अंक मिलते हैं।

मॉस्को के विश्वविद्यालय के अपने शुरुआती दिनों में, मैं इस व्यवस्था को नहीं समझ पाया और चकित हुआ; मैंने डॉ. थिओडोर मेद्रेव से पूछा, "क्या यह उचित है कि जिस विद्यार्थी ने कोई उत्तर नहीं दिया, उसे 5 में से 2 अंक दिये जायें? 0 क्यों न दिया जाये?"

उन्होंने उत्तर दिया, **"हम किसी इंसान को 0 कैसे दे सकते हैं?**

हम उसे 0 कैसे दे सकते हैं, जो सभी lectures को attend करने के लिए रोज सुबह 7 बजे तैयार रहता था?

हम उसे 0 कैसे दे सकते हैं, जो इतनी ठंड में उठा, public transport का प्रयोग करके सही समय पर परीक्षा देने उपस्थित हुआ और प्रश्नों को हल करने की कोशिश की?

हम उसे उन रातों के लिए 0 कैसे दे सकते हैं, जिनमें वह पढ़ने के लिए जागा, पेन और नोटबुक्स खरीदने में अपना धन खर्च किया और पढ़ाई के लिए एक कंप्यूटर खरीदा?

हम उसे 0 कैसे दे सकते हैं, जबकि उसने पढ़ाई के लिए अपनी जीवन-शैली को बदला?

इसलिए, मेरे बच्चे, हम उसे सिर्फ इसलिए 0 नहीं दे सकते कि वह प्रश्न का उत्तर नहीं जानता। हम इस बात का सम्मान करने की एक कोशिश करते हैं कि वह एक इंसान है, उसके पास एक दिमाग है और उसने कोशिश की।

क्योंकि जो result हम उसे देते हैं, वह सिर्फ परीक्षा प्रश्नपत्र के प्रश्नों के लिए नहीं है, बल्कि यह इस तथ्य के प्रति प्रशंसा और सम्मान भी है कि वह एक इंसान है जो कुछ अंक deserve करता है।"

वास्तव में, मैं रो पड़ा और समझ नहीं पाया कि किस तरह response दूँ।

वहाँ मैंने एक मनुष्य होने के नाते अपनी कीमत समझी।

दरअसल 0 विद्यार्थियों की प्रेरणा को घटा सकता है, जल्दी ही उन्हें बर्बाद कर सकता है और उनमें अपनी पढ़ाई के प्रति लापरवाही को जन्म देता है। एक बार अगर ग्रेडबुक में 0 चढ़ गया, तब वो उस विषय की परवाह करना छोड़ देता है और यह धारणा बना सकता है कि अब इसमें उसके लिए कुछ नहीं बचा। (अनुवादक : प्रशान्त अग्रवाल, बरेली)

मिशन शिक्षण संवाद

(एक अनुभूति)

मैं यह स्वीकार करता हूँ कि सबके प्रति सदैव निष्पक्ष, न्यायपूर्ण और पर्याप्त मधुर व्यवहार करने के बावजूद मेरे अंतर्मन में भी कहीं न कहीं धर्म, लिंग आदि पर आधारित कुछ पूर्वाग्रह रहते हैं।

लेकिन पिछले दिनों, जबसे कक्षा एक और दो को पढ़ाना शुरू किया है, एक मधुर अनुभव जो कर रहा हूँ, आपसे साझा करना चाहता हूँ।

मेरी कक्षा के बच्चों की मासूमियत ने मुझे महसूस कराया कि जो भी व्यक्ति धर्म/मज़हब के आधार पर विद्वेष की हल्की सी गाँठ भी मन में रखता हो, उसे ज़िन्दगी में कम से कम एक बार इस उम्र के अन्य-धर्मी मासूमों के साथ कम से कम कुछ महीने ज़रूर गुज़ारने चाहिए और तब उसे पता लगेगा कि धर्म के असली रास्ते से हम 'समझदार' होने के बाद ही भटकते हैं।

असली धर्म तो इन मासूमों के पवित्र आचरण में है, जो 'अन्य धर्म' के प्रति सापेक्ष होकर नहीं, अपनी निरपेक्ष स्वतंत्र सत्ता में सहज होकर विचर रहा है।

(प्रशान्त अग्रवाल, बरेली)

मिशन शिक्षण संवाद

उपाय एक : लाभ अनेक

(अनेक शिक्षक संभवतः ऐसा करते भी होंगे)

हमारे प्राथमिक विद्यालयों में प्रायः एक ही परिवार के अनेक बच्चे पढ़ते हैं, जो आमतौर पर एक-दूसरे को भैया-जीजी न कहकर नाम लेकर पुकारते हैं। ऐसे में यदि हम **छोटों द्वारा बड़ों को भैया-जीजी कहलाने की आदत** डलवायें, तो इसके अनेक लाभ मिलेंगे :-

1. बच्चों में अच्छा संस्कार आयेगा।
2. जिस बड़े बच्चे से भैया-जीजी कहा जायेगा, उसमें जिम्मेदारी की थोड़ी सी भावना बढ़ेगी।
3. उम्र का लिहाज रहने से लड़ाई की प्रवृत्ति कम होगी, रिश्तों में मजबूती आयेगी।
4. वह बड़ा बच्चा सम्मान महसूस होने से आपके प्रति भी अधिक आदर-भाव रखेगा और आज्ञाकारी बनेगा।
5. गाँव में इस सुशिक्षित संस्कृति का शनैः-शनैः विस्तार होगा।
6. ग्रामीणों का विद्यालय के प्रति विश्वास बढ़ेगा।

उक्त के अलावा, हम भी जब छोटे बच्चे से उसके बड़े भाई-बहिन के बारे में बात करें, तो बड़े को भैया-जीजी कहकर ही इंगित करें।

(विचारक : प्रशान्त अग्रवाल, प्राथमिक विद्यालय डहिया, बरेली, उत्तर प्रदेश)

'भूल' 'सुधार' (!)

पिछले दो वर्षों से मैंने अपने विद्यार्थियों से बड़ों को 'तुम' की बजाय 'आप' कहने पर कोई जोर नहीं दिया क्योंकि :

1. मुझे बच्चों के द्वारा अधिकारपूर्वक कहा गया 'तुम' सुनना अच्छा लगता था। 'आप' में एक दूरी का अहसास होता था/होता है।

2. और मैंने तर्क गढ़ लिया था कि अपनेपन से कहा गया 'तुम' कोई अशिष्टता नहीं है।

लेकिन अब पिछले लगभग डेढ़ महीने से मैंने इस आदत को बदलने पर विशेष जोर देना शुरू कर दिया है क्योंकि :

1. 'तुम' सुनना अच्छा लगता है, सिर्फ इस वजह से इसको प्रश्रय देना स्वार्थ है।

2. आज का बच्चा जब कल बड़ा होकर शहरी समाज के सान्निध्य में आयेगा तो लोग उसके 'तुम' को अपनेपन की नज़र से नहीं, 'गंवारपन' या 'कम पढ़े लिखे' की दृष्टि से देखेंगे और इसका ज़िम्मेदार मैं होऊँगा।

पता नहीं, मैं पहले सही था या अब सही हूँ ?

(विचारक : प्रशान्त अग्रवाल, प्राथमिक विद्यालय डहिया, बरेली, उत्तर प्रदेश)

पढ़ाई से दूर हो रहे बच्चे के संबंध में 'कुछ उपाय'

(4 महीने के लिए विद्यालय छोड़कर माता-पिता के साथ ईंट भट्टे पर काम को जा रहे एक बच्चे के सम्बन्ध में शिक्षक को सलाह)

स्थिति निश्चित ही शोचनीय है, जिसकी जड़ें बहुत गहरी हैं, फिर भी तात्कालिक समाधान हेतु कुछ सुझाव

1. **बच्चे से (यदि संभव हो, तो) बीच-बीच में पिता के फोन पर बात करते रहियेगा और विद्यालयी साथियों से भी कराइयेगा।**

2. **हालांकि बच्चा श्रम-पूर्ण कार्य से प्रतिदिन बहुत थक जाएगा, फिर भी उससे कहें कि वह, भले ही 5 मिनट की औपचारिकता निभाये, लेकिन नित्य थोड़ा सा कुछ भी पढ़ने का नियम बना ले (शिक्षा की बनी हुई चेन की एक छोटी सी कड़ी समझकर...)**

3. **दिन में किसी भी समय विद्यालय में गायी जाने वाली प्रार्थना भगवान के सामने अवश्य दोहराये (विद्यालयी स्मृति का छोर नहीं टूटेगा)**

4. **(उसके लौटने पर) परिश्रम करते समय हुए जीवन के अनुभवों को उसके लौटने पर सब विद्यार्थियों से साझा करायें।**

व्यवस्था के पाटों में पिसता बचपन

इतना दु:ख क्यों बनाया भगवन!!

(विचारक : प्रशान्त अग्रवाल, प्रा. वि. डहिया, बरेली, उ.प्र.)

विषय-ज्ञान मालगाड़ी के डिब्बों में भरा महत्त्वपूर्ण माल है तो संस्कार और प्रेरणा उस गाड़ी को सही दिशा में ले जाने वाला इंजन है।

(प्रशान्त)

शिक्षा : हमारी दृष्टि और स्थिति कहाँ है?

(विचारक : प्रशान्त अग्रवाल, बरेली)

बोध संबंधी ज्ञान-दान

^

आत्मखोज (बोध)

^

दैवी सम्पदा अर्जन (गुण)

^

नवीन भौतिक खोज/आविष्कार

^

नौकरी/व्यवसाय द्वारा जीवनयापन

^

शिक्षा (वैषयिक ज्ञान)

^

साक्षरता

महत्त्वपूर्ण बात : यह श्रेष्ठता-क्रम है, प्राप्ति-क्रम नहीं।

मिशन संवाद
प्रशान्त अग्रवाल, बरेली

प्रेरक शिक्षा-वाक्य

शिक्षा का अर्थ बाल्टी भरना नहीं, बल्कि एक आग प्रज्वलित करना है।

(William Butler Yeats)

महत्त्वपूर्ण यह नहीं कि आपने विद्यार्थी में क्या उड़ेला है, महत्त्वपूर्ण यह है कि आपने उसमें क्या रोपा है। (Linda Conway)

बच्चे जाते वहाँ हैं, जहाँ उल्लास हो, लेकिन ठहरते वहाँ हैं, जहाँ प्यार हो। (Zig Ziglar)

एक शिक्षक जो कि अपने विद्यार्थियों को सीखने के लिए प्रेरित किये बिना सिखाने का प्रयास करता है, वह वास्तव में ठंडे लोहे पर हथौड़ा चलाता है। (Horace Mann)

एक हजार साल बाद यह मायने नहीं रखेगा कि मैं कैसी कार चलाता था, या मैं कैसे घर में रहता था, या बैंक में मेरा कितना पैसा था, बल्कि महत्त्व की बात यह होगी कि यह संसार एक बेहतर स्थान हो सका क्योंकि मैं एक बच्चे के जीवन में परिवर्तन लाया था। (Forest Witcraft)

एक औसत दर्जे का शिक्षक बताता है,
एक अच्छा शिक्षक समझाता है,
एक बेहतर शिक्षक कर के दिखाता है,
और एक महान शिक्षक प्रेरित करता है। (William Arthur Ward)

मुझे बताइए, मैं भूल जाता हूँ,
मुझे दिखाइए, मैं याद रखता हूँ,
मुझे शामिल कीजिये, मैं सीख जाता हूँ। (Xun Kuang / Benjamin Franklin)

दो तरह के शिक्षक होते हैं :
एक वो जो आपको इतना भयभीत कर देते हैं कि आप हिल न सकें,
और दूसरे वो जो आपको पीछे से थोड़ा सा थपथपा देते हैं, और आप आसमान छू लेते हैं।

(Unknown)

बच्चे यह याद नहीं रखते कि आपने उन्हें क्या पढ़ाने का प्रयास किया, वे याद रखते हैं कि आप क्या हैं। (Jim Henson)

शिक्षक की सर्वोत्तम कला है : रचनात्मक अभिव्यक्ति और ज्ञान में आनन्द जगाना।

(Albert Einstein)

(संकलनकर्ता : प्रशान्त अग्रवाल, बरेली)

प्रतियोगिता की सार्थकता कैसे हो?

अभी हमारे विद्यालय का एक छात्र सोहिल, जो ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में 100 मीटर दौड़ में प्रथम आया, जनपद स्तर पर पाँचवें स्थान पर रहा। अगले दिन कक्षा में एक बहुत अच्छा छात्र किसी बात पर बोला कि "सोहिल तो हार गया।"

तब मैंने कहा कि तुम तो बहुत बार गाते हो कि "कोशिश करने वाले की कभी हार नहीं होती", फिर आज सोहिल को हारा हुआ कैसे बता रहे हो। वास्तव में तो, भरपूर कोशिश करने वाला हर प्रतिभागी जीतता है।

(फिर चिंतन आगे चला)

क्या ज़रूरी है कि प्रतिभा प्रदर्शन में प्रतियोगिता ही करायी जाये? क्योंकि समाज की मानसिकता (जो हमारे मनोविज्ञान को भी प्रभावित करती है) के अनुसार तो प्रतियोगिता के अंत में सिर्फ प्रथम आने वाला या पुरस्कार पाने वाला ही खुश रहता है। मायूसी ज़्यादा प्रतिभागियों में फैलती है।

क्या प्रतिभा प्रदर्शन का ऐसा format नहीं हो सकता, जिसमें मेहनत और जज़्बे से प्रतिभाग करने वाला हर प्रतिभागी विजयी मुस्कान लेकर निकले? अर्थात विजेता का निर्धारण victory point तक पहुँचने से नहीं, उस रास्ते को नापने में लगी शिद्दत से हो।

क्योंकि इस दुनिया में जब सभी लोगों की race के starting points ही समान नहीं हैं तो victory point समान रखना भी सही नहीं है।

कोई 2 से चलकर 7 तक पहुँच रहा है
कोई 6 से चलकर 10 तक पहुँच रहा है
कोई 11 से चलकर 20 तक पहुँच रहा है

इन्होंने यह दूरी जीवन की किन परिस्थितियों में नापी, इसका निर्धारण करना क्या आसान है?

हो सकता है, फर्क का कारण जन्मजात प्रतिभा, पारिवारिक और सामाजिक विषमताएँ ही हों और लगन, शिद्दत और मेहनत की दृष्टि से सभी समान हों, और सभी विजेता कहलाने योग्य हों, क्योंकि फर्क पैदा करने वाले उक्त factors प्रायः अपने हाथ में नहीं होते।

अंततः मुझे लगता है कि प्रतियोगिता की शैली में बदलाव मनोविज्ञान की माँग है और शैली ऐसी हो जिसमें अपनी ओर से भरपूर प्रयास करने वाले हर प्रतिभागी का हृदय अंत में भी प्रफुल्लित ही रहे, और वह प्रतियोगिता के दौरान भी number game का तनाव न लेकर, उन क्षणों का भी आनंद ले।

आखिर असली आनंद सिर्फ मंज़िल पर थोड़े ही है, रास्ते भी तो गुलज़ार रहें।

(विचारक : प्रशान्त अग्रवाल, प्राथमिक विद्यालय डहिया, बरेली, उ.प्र., 5.12.2018)

संस्कार-बीज

(एक रोचक और दूरगामी महत्त्व का विचार)

कहानी, फ़िल्में वे विधायें हैं जिनका बालमन पर गहरा और स्थायी प्रभाव पड़ता है। इस बात का हम सकारात्मक लाभ उठा सकते हैं। हम बच्चों को ऐसी फिल्में, फ़िल्मी दृश्य, फ़िल्मी गीत, animations दिखा-सुना-बता सकते हैं जिनमें जीवन-मूल्यों से जुड़ा कोई मर्मभेदी तत्त्व हो और उस सन्देश को अपने शब्दों द्वारा वर्तमान परिस्थितियों से जोड़कर अधिक प्रभावी भी बना सकते हैं। 'असली' नायक (hero) की छवि बालमन में निर्मित कर सकते हैं।

कुछ फ़िल्में, जिन्होंने पूर्णतः या अपने किसी विशेष अंश से मुझे अपील किया :-

दो आँखें बारह हाथ (खुद को दाँव पर लगाकर बुरे लोगों को सुधारना)

नया दौर (गाँव की भलाई के लिए अकेले जुटना, बाद में सबका साथ आना 'साथी हाथ बढ़ाना')

लगान (गाँव की इज्ज़त के लिए जात-पाँत भूलकर एक होना, लगन के बल पर असंभव को संभव बनाना)

इंद्र-द टाइगर (गाँव की भलाई के लिए राजा का रंक बनना और दिलों पर राज करना)

लिंगा (गाँव के भले के लिए सर्वत्याग, यहाँ तक कि झूठा कलंक भी सहना और सब कुछ हँसते-हँसते)

चक दे इंडिया (मेरा-तेरा का अहंकार छोड़कर टीम भावना से देश का भला करने का जुनून)

मैं आज़ाद हूँ (जनता का भरोसा निभाने हेतु नाटकबाज का नायक में बदलना, विश्वसनीयता हेतु जान देना)

बावर्ची (घर-परिवार में सबकी ख़ुशी में अपनी ख़ुशी ढूँढने की जीवन-कला)

गाइड (जनता के धार्मिक विश्वास को सही साबित करने के लिए आत्मबलिदान)

शिखर (बड़ा वह जो देने के लिए निकले)

सूर्यवंशम (बगैर गलती के पिता से निरंतर और बेहद अपमानित होने के बावजूद पिता का बेहद सम्मान)

साहिब बीबी और गुलाम (सबकी हँसी का पात्र बनने वाले को सम्मान देकर उसका सम्मान अर्जित करना)

सत्यकाम (उच्च आदर्शों के लिए निज-हितों का त्याग और कष्ट-सहन)

आनंद (मरते हुए आदमी द्वारा स्वयं खुश रहकर सबको खुश रखने की कला)

शराबी (मुंशी जी द्वारा नायक का भरोसा कमाकर उसकी बुराई छुड़वाना)

स्वदेस (अपनी मिट्टी की प्रबल पुकार को सुनना)

दो बीघा ज़मीन (शहरी चमक के पीछे छुपा अँधेरा)

दोस्ती (सच्चे दोस्त की मार्मिक कुर्बानी)

काबुलीवाला (अपनी जड़ों की मार्मिक याद और महत्ता)

मदर इंडिया (गैर की इज्ज़त की खातिर खुद्दार माँ द्वारा अपने अपराधी बेटे को मार डालना)

एक रुका हुआ फैसला (सबके बीच अकेले पड़कर, सबका विरोध झेलकर भी संयम रखना और अपने मत पर अडिग रहना, सबको अपने पक्ष में लाना 'एकला चलो रे')

फ़िल्मी गीत :-

* बच्चे मन के सच्चे
* चुनचुन करती आयी चिड़िया
* नन्हा-मुन्ना राही हूँ
* इंसाफ की डगर पे
* ये कौन चित्रकार है
* तुम्हीं हो माता पिता तुम्हीं हो
* हिंदुस्तान की कसम, न झुकेगा...
* मत रो माता लाल तेरे बहुतेरे
* ऐ वतन ऐ वतन हमको तेरी कसम
* कर चले हम फ़िदा
* आओ बच्चों तुम्हें दिखायें
* तू हिन्दू बनेगा न मुसलमान बनेगा
* भारत की सीताओं के दुखड़े
* हे मर्यादापुरुषोत्तम तुमने मर्यादा क्यों..
* ओ पालनहारे....

आदर्श चरित्रों के animations/film videos/अपने भावपूर्ण शब्दों में वर्णन :-

* एकलव्य (गुरुभक्ति)
* पन्ना धाय (राष्ट्रहित हेतु पुत्रबलि)
* श्रवण कुमार (मातृ-पितृभक्ति)
* सत्यवादी हरिश्चन्द्र (सत्यनिष्ठा)
* महाराणा प्रताप (स्वाभिमान)
* दधीचि (परहित हेतु निज-बलिदान)
* भगीरथ (अदम्य प्रयास)
* अभिमन्यु (वीरता)
* ध्रुव (प्रभु-निष्ठा)
* भरत (आदर्श भाई)
* कर्ण (दानवीरता)
* युधिष्ठिर (सत्यवादिता)
* मीराबाई (भक्ति-वैराग्य)
* बुद्ध (आत्मसंयम सत्यशोध)
* हेलेन केलर (विषमता में जिजीविषा)
* विल्मा रुडोल्फ़ (विषमता में जिजीविषा)
* महात्मा गाँधी (सत्याग्रह)
* दशरथ मांझी (जुझारूपन)
* ......

उक्त उदाहरण केवल कुछ संकेत हैं, यदि सोच पसंद आये तो सुधी साथी अपने अनुसार परिवर्तित-संशोधित-संवर्धित करके इसे अमली जामा पहना सकते हैं।

(विचारक : प्रशान्त अग्रवाल, प्रा. वि. डहिया, बरेली, उत्तर प्रदेश)

मिशन शिक्षण संवाद

ज्ञान-शिक्षा विषयक एक दृष्टान्त

किसी विद्वान ने कहा है कि, "सब कुछ भूल जाने के बाद भी जो याद रह जाये, वही शिक्षा है।"

इसी को हम इस प्रकार भी कह सकते हैं कि ज्ञान का अर्जन ऐसा है जैसे कोई ज्ञान-रेत की ऐसी बोरी लेकर पहाड़ पर चढ़ रहा है जिसमें 'कम ध्यान', 'लापरवाही', 'विस्मृति' जैसे अनेक छेद हैं और जब वह व्यक्ति पहाड़ की चोटी पर पहुंचता है, तब उसकी बोरी में जितनी रेत बचती है, वास्तव में वही उसकी उपलब्धि है।

पहाड़ के ढाल पर लुढ़कने का खतरा बना रहता है, temporary ज्ञान के भूलने का खतरा भी बरकरार रहता है, लेकिन एक बार पहाड़ पर पहुँच गये, तो गिरने का खतरा नहीं, एक निश्चित सीमा तक ज्ञान दोहराते रहे तो ज्ञान स्थाई हो गया।

(विचारक: प्रशान्त अग्रवाल, प्रा. वि. डहिया, बरेली, उ.प्र.)

फ़िनलैंड की शिक्षा पद्धति

TV पर आ रहे एक कार्यक्रम में बतायी गयी 'फ़िनलैंड की शिक्षा-पद्धति' की कुछ विशेषताएं :

- बच्चों को पहले बचपन को जीना सिखाया जाता है।
- Competition की बजाय Cooperation और Coexistence की भावना पर जोर रहता है।
- Homework न के बराबर दिया जाता है ताकि बच्चे के द्वारा परिवार के साथ बिताया जाने वाला समय सुरक्षित रहे और वह पारिवारिक मूल्यों, सामाजिकता के पहलुओं को भी समझे।
- हर 45 मिनट के period के बाद 15 मिनट खेल हेतु दिये जाते हैं।

उक्त परिप्रेक्ष्य में हमारी शिक्षा प्रणाली की दु:खद विडंबना

* सर्वप्रथम तो समय से पहले पढ़ाना
* उस पर भारी-भरकम पाठ्यक्रम
* और फिर competition का बेतहाशा दबाव

संकट में है बचपन
संकट में मानवता

(प्रस्तुति : प्रशान्त अग्रवाल, प्रा. वि. डहिया, बरेली, उत्तर प्रदेश)

श्री सोनम वांगचुक के अनमोल अनुभव

(साथियों से अनुभव साझा करने के क्रम में)

लद्दाख के अत्यंत पिछड़े इलाके के engineer, educational reformer, उच्च-सोच वाले, उच्च-व्यक्तित्व के धनी श्री सोनम वांगचुक के विचारों की कुछ झलकियाँ प्रस्तुत हैं (जैसा मैंने सुना और समझा) :-

- यदि आप सब कुछ सरकार के हिसाब से करते रहेंगे तो सीमित दायरे में ही सफल हो सकेंगे और सब कुछ ऐसे ही चलता/घिसटता रहेगा। आप कुछ ऐसा करिये जो इतना अच्छा परिणामोन्मुखी हो कि सरकार भी नीतियों में सुधार-परिवर्तन को सहर्ष तैयार हो जाए।

- श्री वांगचुक इस बात से बहुत खुश थे कि 9 वर्ष की अवस्था तक उन्हें स्कूल नहीं जाना पड़ा (भले ही मजबूरी में ही सही)। इस दौरान उनकी माँ ने मातृभाषा में उन्हें अनेक प्रकार की बातों से शिक्षित कर दिया था। उन्हें अंग्रेजी, उर्दू आदि भाषाओं का बोझा अपने नन्हें, कोमल कन्धों पर नहीं उठाना पड़ा। गौरतलब है कि उनकी माँ unschooled थीं (आधुनिक अधकचरी भाषा में कहें तो अशिक्षित थीं)। आज श्री वांगचुक को नौ भाषाएँ आती हैं।

- श्री वांगचुक के स्कूली नवाचार, कड़ी मेहनत और अद्भुत सोच से खड़े हिम-स्तूपों (कृत्रिम glaciers) से ऊसर को उर्वर बनाना, बालिकाओं हेतु ice-hockey के मैदान का प्रबंध, सीमित संसाधनों में जीने की सीख देने वाली माँ और उसके होनहार उत्तराधिकारी की यह कहानी बहुत कुछ सोचने-करने की प्रेरणा दे गयी।

- एक ख़ास बात, उक्त बातें श्री वांगचुक ने जिस सौम्यता, शांत-चित्तता और स्वाभिमानी विनम्रता से रखीं, उसने यह भी सिखाया कि बात का केवल सही होना ही अनेक बार काफी नहीं होता, लोगों पर प्रभावी असर डालने के लिए आपके व्यक्तित्व में विनम्रता (सुदृढ़ता के साथ) बहुत ज़रूरी है।

- एक आखिरी बात, 'फिल्म 3 इडियट्स में आमिर खान अभिनीत मुख्य किरदार फुन्सुख बांगड़ू इन्हीं के व्यक्तित्व से प्रेरित था'। हालाँकि खुद श्री वांगचुक ने इस तथ्य को महत्त्व नहीं दिया क्योंकि उनका मानना है कि कार्य के मूल्यांकन का पैमाना टीवी, फिल्म, मीडिया में प्रकाशन को नहीं मानना चाहिए।

(प्रस्तोता : प्रशान्त अग्रवाल, प्रा. वि. डहिया, बरेली, उत्तर प्रदेश)

[महत्त्वपूर्ण शिक्षा : बच्चों की सुरक्षा]

आज बच्चों से बाल-सुरक्षा संबंधी विस्तृत चर्चा की, जिसमें अनेक बच्चों ने अपने अनुभव भी साझा किये। बच्चों को जानकारी सहित उपाय बताकर मुख्यतः नैतिक रूप से प्रेरित किया गया।

*** कुछ उपयोगी बिन्दु ***

- अकेले सुनसान जगह पर जाने से बचें।
- यथासंभव, अजनबी से सुविधा न लें (लिफ्ट आदि)।
- अजनबी से खाने की चीज़ तो बिल्कुल न लें, भले ही वह प्रसाद कहकर दी जा रही हो।
- किसी के छूने पर अजीब सा लगे, विशेषकर होंठ, छाती, कमर के नीचे के हिस्से छुए जाने पर, तो वहाँ से निकलने की कोशिश करें।

- यदि वह पकड़ ही ले तो परिस्थिति-अनुसार निम्नांकित उपाय आजमा सकते हैं :-
    1. पूरी ताक़त से छूटने की कोशिश करें।
    2. जोर से चीखें।
    3. पीछे हाथ घुमाकर मुँह पर मुक्का मारें।
    4. नाखून गड़ाकर, दाँतों से काटने की कोशिश करें और भागें।

- उसकी हरकत को माता, पिता या घर के विश्वसनीय बड़ों को ज़रूर बताएँ।
- गलत हरकत करने वाले की किसी धमकी से डरें नहीं, खुलकर उसकी हरकत बड़ों को बताएँ। ऐसा करके आप :-
    1. अपने साहस का परिचय देंगे।
    2. बुरे आदमी की हिम्मत तोड़ेंगे।
    3. अन्य लोगों के लिए नज़ीर बनेंगे।
